# ६. अति सोहत स्याम जू

– *रसखान*

मानुष हौं तो वही 'रसखान', बसौं मिलि गोकुल गाँव के ग्वारन ।
जो पसु हौं तो कहा बस मेरो, चरौं नित नंद की धेनु मँझारन ।।
पाहन हौं तो वही गिरि को, जो धर्‍यो कर छत्र पुरंदर कारन ।
जो खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन ।।

धूरि भरे अति सोहत स्याम जू, तैसी बनी सिर सुंदर चोटी ।
खेलत खात फिरैं अँगना, पग पैंजनि बाजति, पीरी कछोटी ।।
वा छबि को 'रसखान' बिलोकत, वारत काम कला निधि कोटी ।
काग के भाग कहा कहिए, हरि हाथ सों लै गयो माखन रोटी ।।

सोहत है चँदवा सिर मोर को, तैसिय सुंदर पाग कसी है ।
वैसिय गोरज भाल बिराजत, जैसी हिये बनमाल लसी है ।।
'रसखान' बिलोकत बौरी भई, दृग मूँदि कै ग्वालि पुकार हँसी है ।
खोलि री घूँघट, खोलौं कहा, वह मूरति नैननि माँझ बसी है ।।

सेस, गनेस, महेस, दिनेस, सुरेसहु जाहि निरंतर गावैं ।
जाहि अनादि, अनंत, अखंड, अछेद, अभेद, सुबेद बतावैं ।।
नारद से सुक व्यास रटें, पचिहारे तऊ पुनि पार न पावैं ।।
ताहि अहीर की छोहरियाँ, छछिया भरि छाछ पै नाच नचावैं ।।

## परिचय

**जन्म :** १५९० के लगभग, पिहानी
**मृत्यु :** मथुरा (उ.प्र.)
**परिचय :** रसखान जी का मूलनाम सैयद इब्राहिम था । आपकी अधिकांश रचनाएँ भगवान कृष्ण को समर्पित हैं । आपके काव्य में भक्ति, शृंगार रस की प्रधानता मिलती है ।
**प्रमुख कृतियाँ :** 'प्रेमवाटिका' (दोहे) 'सुजान रसखान' (कवित्त, सवैया) आदि ।

## पद्य संबंधी

**सवैया :** यह छंद का एक प्रकार है । इसमें चार चरण होते हैं । प्रत्येक चरण में २२ से २६ वर्ण होते हैं ।

यहाँ चयनित सभी रचनाएँ सवैया छंद में हैं । इन सभी सवैयों में उनका कृष्ण प्रेम छलकता है । यहाँ पर रसखान जी ने कृष्ण के बालरूप, अपनी इच्छा और श्रीकृष्ण की व्यापकता का वर्णन किया है ।

## शब्द संसार

**मँझारन–मँझार** क्रि.वि.(सं. दे.)= बीच में
**पाहन** पुं.सं.(दे.) = पत्थर
**डारन** स्त्री.सं.(हिं.दे.) = डाली
**धूरि** स्त्री.(दे.)= धूल
**जू** वि.(दे.) = जी
**पीरी** स्त्री.वि.(हिं.दे.) = पीले रंग की
**कछोटी** स्त्री.सं.(हिं.दे.)= कमर में लपेटी जाने वाली धोती
**बिलोकत** क्रि.(दे.)= देखना
**वारत** क्रि.(दे.)= निछावर करना
**पाग** स्त्री.सं.(हिं.दे.) = पगड़ी
**भाल** पुं.सं.(सं.)= मस्तक
**हिय** पुं.सं.(दे.)= हृदय
**लसी** क्रि.(दे.)= सुशोभित होना
**दृग** पुं.सं.(सं.)= आँख
**पचिहारे** क्रि.(दे.)= हार जाना
**अहीर** पुं.सं.(सं.) = ग्वाला, आभीर
**छछिया** सं.स्त्री.(दे.)= छाछ रखने का छोटा पात्र

## स्वाध्याय

*** सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :-**

**(१) संजाल पूर्ण कीजिए :**

वेदों में श्रीकृष्ण को कहा है

**(२) कृति पूर्ण कीजिए :**

श्री कृष्ण की महिमा का निरंतर गायन करने वाले

-----------
-----------
-----------
-----------

**(३) कवि यहाँ और यह बनकर रहना चाहता है -----**

- ---------------------------------------------------
- ---------------------------------------------------
- ---------------------------------------------------
- ---------------------------------------------------

**(४)** अ) पद्य में उल्लिखित पक्षी
---------
---------

आ) कृष्ण द्वारा पहने हुए वस्त्र
---------
---------

**(५) पद्य में इस अर्थ में आए शब्द :**

१. शोभा देता है = ______
२. ग्वाल-बालाएँ = ______
३. गोरस देने वाली = ______
४. शुक मुनि = ______

**(६)** १. निम्न शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थ लिखिए :

चोटी = ---------, ---------

व्यास = ---------, ---------

२. शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए :

१. जिसके कोई खंड नहीं होते - .............
२. छाछ रखने का छोटा पात्र - .............
३. जिसका कोई अंत नहीं होता - .............
४. जो सदैव चलता रहता है - .............

**(७) कृदंत, तद्धित शब्दों के मूल शब्द पहचानकर लिखिए :**

झगड़ालू, मुस्कान, सांस्कृतिक, रसीला, खिलाड़ी, कहानी, जगमगाहट, सुखी

| कृदंत-मूलशब्द | तद्धित-मूलशब्द |
|---|---|
| ______ | ______ |
| ______ | ______ |
| ______ | ______ |
| ______ | ______ |

CH85JS

**(८) किसी एक पद का सरल अर्थ लिखिए ।**